कार्यक्रम | विश्वकर्मा जयंती हर्षोल्लास और श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाई गई

# भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गई

**डिंडौरी नवभारत 17 सितंबर।** नगर सहित ग्रामीण अंचलों में बुधवार को देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा जयंती बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिरों, कार्यशालाओं एवं औद्योगिक संस्थानों में भगवान विश्वकर्मा की मूर्तियों व चित्रों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।

भक्तों ने पूजन कर समृद्धि, उन्नति और सुख-शांति की कामना की। इस दौरान कार्यस्थलों पर विशेष सजावट की गई और श्रमिकों, कारीगरों व मशीनरी की पूजा भी की गई। कई जगह प्रसाद वितरण और भंडारे का भी आयोजन हुआ। भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि के प्रथम शिल्पकार एवं वास्तुकार के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि उन्होंने देवताओं के दिव्य महलों, रथों और शस्त्रों का निर्माण किया था। इसी आस्था के साथ श्रद्धालुओं ने परंपरागत रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना संपन्न की।



### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान अंतराष्ट्रीय हिन्दू परिषद बजरंग दल के जिलाध्यक्ष जीतेन्द्र विश्वकर्मा, मुकेश विश्वकर्मा जिला सहमंत्री, विवेक जैन जिला सहमंत्री, जिनेन्द्र सिंह ठाकुर, कमलेश ( गोलू ) विश्वकर्मा, विवेक विश्वकर्मा,राजू गौतम, राहुल विश्वकर्मा, छोटू विश्वकर्मा, हिमांशु विश्वकर्मा, चिराग विश्वकर्मा, अंश विश्वकर्मा, आकाश विश्वकर्मा, कार्तिक विश्वकर्मा, आराध्या विश्वकर्मा, गौरी विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

### शोभायात्रा व भंडारे में उमड़ी भीड़

शहपुरा नगर में बुधवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। प्राचीन श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में विश्वकर्मा समाज के बंधुओं ने परंपरागत रूप से भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विधिविधान से पूजन-अर्चन किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्सव का माहौल बना रहा। पूजन-अर्चन के पश्चात रामायण पाठ का आयोजन किया गया। दोपहर बाद भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में नगर और आसपास के गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर प्रांगण में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु एकत्र हुए। देर शाम भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई कन्हैया संगम में नर्मदा तट पहुंची, जहां विधि विधान से प्रतिमा का विसर्जन किया गया।





# नर्मदा घाटों पर श्रमदान से की साफ-सफाई

**सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत ली स्वच्छता की शपथ**

**डिंडौरी नवभारत 17 सितंबर।** सेवा पखवाड़ा के अवसर पर बुधवार को नगर में स्वच्छता और जनभागीदारी की अनूठी मिसाल पेश की गई। नर्मदा डैम घाट एवं मुक्तिधाम घाट पर नगर परिषद डिंडौरी द्वारा स्वच्छता, श्रमदान एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता अशोक सारस, भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष पंकज तेकाम सहित भाजपा कार्यकर्ता, नगर परिषद पार्षद, अधिकारी-कर्मचारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर न केवल घाटों की साफ-सफाई की बल्कि नगरवासियों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश भी दिया।

### नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का लिया संकल्प

इसके साथ ही, सभी उपस्थितों ने स्वच्छता की शपथ लेकर नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के क्रम में नगर परिषद कार्यालय के सभा कक्ष में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का लाइव प्रसारण भी कराया गया। जिसमें नगर परिषद अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# अश्लील गाने बजाना पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा

**नवरात्रि एवं विजयादशमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित**



**चिल्हारी नवभारत 17 सितंबर।** जिले के इंदवार थाना अमरपुर चौकी में चौकी प्रभारी शिवनाथ प्रजापति की अध्यक्षता में नवरात्रि एवं विजयादशमी पर्व को लेकर चौकी प्रांगण में शांति समिति की बैठक आहूत की गई।

बैठक में उपस्थित जन समूह को अमरपुर चौकी प्रभारी ने संबोधित करते हुए कहा कि आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाया जाए। सुप्रीम कोर्ट के मापदंड अनुसार डीजे कम डेसीबल बजाने का आग्रह किया और कहा कि रात 10 बजे के बाद डीजे साउण्ड बजाना पूर्णता वर्जित रहेगा। चौकी प्रभारी ने कड़े शब्दों में कहा कि डीजे साउंड में अश्लील गाना बजाना पूर्णत: वर्जित रहेगा। नवरात्रि एवं विजयदशमी जुलूस के दिन चल समारोह के दौरान अश्लील गाना बजाते कोई पाया जाता है या शिकायत मिलती है तो संबंधितों के ऊपर कार्यवाही की जाएगी। स्थानीय पंचायत प्रशासन के मापदंड अनुसार बनाए गए विसर्जन कुंड में ही विसर्जन किया जाएगा।

### असामाजिक तत्वों पर रहेगी नजर

श्री प्रजापति ने उपस्थितों को नवरात्रि एवं विजयदशमी की अग्रिम बधाई प्रेषित की। आस्था व श्रद्धा का पर्व हर्षोल्लास व शांति पूर्वक मनाने का आग्रह किया। इस दौरान पुलिस प्रशासन की असामाजिक तत्वों पर नजर रहेगी। सैकड़ों की संख्या पर ग्रामीण, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व पुलिस स्टाफ उपस्थित रहेंगे। त्यौहार के समय किसी भी प्रकार की उद्धंडता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# धर्मशाला पर किया गया अवैध कब्जा हटाया

**राजस्व, नप और पुलिस के संयुक्त दल ने की कार्यवाही, जड़ दिया ताला**

**डिंडौरी नवभारत 17 सितंबर।** प्रशासनिक सख्ती दिखाते हुए बुधवार के दिन तहसीलदार रामप्रसाद मार्को, पुलिस विभाग और नगर परिषद के संयुक्त दल ने शहर स्थित वार्ड नंबर- 7 की एक धर्मशाला को खाली कराकर ताला जड़ दिया। बताया गया कि धर्मशाला का उपयोग नियम विरुद्ध आवासीय स्थल के रूप में किया जा रहा था, जहां स्थानीय बबलू बर्मन देवी प्रतिमाओं का निर्माण भी कर रहा था। बता दे कि उक्त मामले कि शिकायत मेकलसुता मंदिर समिति द्वारा जनसुनवाई मे की गई थी, जिसे गंभीरता से लेते हुये प्रशासनिक महकमे द्वारा संयुक्त कार्यवाही कर अवैध कब्जे को खाली कराया गया।



### प्रतिमाओं के निर्माण के लिए दी मोहलत

हालांकि जब प्रशासन द्वारा कब्जे को हटाने और धर्मशाला में ताला जड़ने की कार्यवाही की जा रही थी तब बबलू बर्मन और पत्नी की प्रशासनिक महकमे से नोकझोंक भी हुई, लेकिन कार्यवाही के दौरान प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिए कि धार्मिक एवं सार्वजनिक उपयोग की इमारतों में निजी गतिविधियां या व्यवसाय नहीं किए जा सकते। हालांकि, मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए बबलू बर्मन को प्रतिमाओं को पूर्ण करने के लिए 22 सितंबर तक की मोहलत दी गई है।

### नियमों के उल्लंघन पर कार्यवाही की

अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई लोगों की शिकायतों और नियमों के उल्लंघन के आधार पर की गई है। धर्मशाला को अब पूर्णत: सील कर दिया गया है ताकि आगे किसी प्रकार की अवैध गतिविधि न हो सके। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थलों का उपयोग केवल धार्मिक और सामाजिक कार्यों के लिए होना चाहिए।


**इनका कहना है**

आज अतिक्रमण की कार्यवाही तो नहीं थी, लेकिन एक मंदिर परिसर किनारे नर्मदा परिक्रमावासियों और तीर्थ यात्रियों के लिये धर्मशाला बनाई गई थी, जहां एक मूर्तिकार ने कब्ज़ा कर लिया था, चूंकि धर्मशाला नर्मदा किनारे भी है और यहॉ आये दिन धार्मिक यात्रा करने वाले और परिक्रमावसी आते हैं, जिन्हें ठहरने के लिए धर्मशाला की आवश्यकता है। अत: धर्मशाला को नगर परिषद ने अपने कब्जे में लिया है।

**रामप्रसाद मार्को**
**तहसीलदार, डिंडोरी**

# महिलाएं समय-समय पर जांच अवश्य कराए : साहू

**डिण्डौरी/शहपुरा नवभारत 17 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत शहपुरा जनपद पंचायत अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरगांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत सदस्य एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अध्यक्ष कीर्ति भीमशंकर साहू, पूर्व सरपंच नत्थूलाल साहू, मेडिकल ऑफिसर डॉ. अंकित पटेल, सुपरवाइजर रामलाल साहू, ड्रेसर नंदूलाल साहू, स्टाफ नर्स स्वाती सैयाम, वार्ड बाय राकेश बैगा एवं एएनएम मंजूलता साहू उपस्थित रहे। शिविर में महिलाओं एवं बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई और नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं। ग्रामीणों को एनीमिया, पोषण, प्रसव पूर्व एवं प्रसवोत्तर देखभाल सहित महिला स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया।



### स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार की आधारशिला है

इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अध्यक्ष कीर्ति भीमशंकर साहू ने कहा— महिलाओं और किशोरियों को अस्पताल में समय-समय पर जांच अवश्य करवानी चाहिए, ताकि बीमारियों की पहचान समय रहते हो सके और उनका इलाज सरल हो। वहीं, सुपरवाइजर रामलाल साहू ने कहा— स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार की आधारशिला है। यदि महिलाओं को सही समय पर स्वास्थ्य सुविधा और पोषण मिलेगा।

### त्रिवेणी मिश्रा विश्व हिंदी रत्न से सम्मानित

**डिंडोरी नवभारत 17 सितंबर।** शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा देवनागरी लिपि के सरंक्षण एवं हिंदी भाषा साहित्य के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से आयोजित विश्व हिंदी कविता प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कविता लेखन पर हिंदी दिवस 14 सितंबर को त्रिवेणी मिश्रा उच्च माध्यमिक शिक्षक उत्कृष्ट विद्यालय डिंडोरी को विश्व हिंदी रत्न मानक उपाधि से अलंकृत किया गया है। इस उपलब्धि पर उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एसके द्विवेदी एवं सहकर्मियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# नवरात्रि में बंद रहेंगी अंडा व मांस की दुकानें

**जिला स्तरीय शाति समिति की बैठक में लिया गया निर्णय**

**नवभारत उमरिया 17 सितंबर।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन व पुलिस अधीक्षक विजय कुमार भागवानी की उपस्थिति में कलेक्टर सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई।

बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने नवदुर्गा पर्व, दशहरा तथा दीपावली का पर्व आपसी सद्भाव के साथ मनाने की अपील की। बैठक में बताया गया कि नवदुर्गा पर्व 22 सितंबर से प्रारंभ होगा तथा 2 अक्टूबर विजयदशमी के दिन समापन होगा। कलेक्टर ने कहा कि पूजा पंडाल सड़कों पर नहीं बनाएं, इससे आवागमन बाधित होने के साथ आमजनों को भी समस्या होगी।

### अधिकारियों को दिए निर्देश

बैठक में समिति के सदस्य राकेश प्रताप सिंह ने प्रस्ताव रखा कि नवरात्रि में जिले में अंडा और मांस की बिक्री पर रोक लगाई जाए। अंडा और मांस की दुकानों को बंद रखने के निर्देश जारी किए जाये, जिसका सभी सदस्यों के साथ उपस्थित मुस्लिम सदस्यों ने पुरजोर समर्थन किया। जिस पर जिला कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन और पुलिस अधीक्षक विजय भागवानी ने प्रस्ताव पर मंजूरी देते हुए नवरात्रि में जिले में अंडा और मांस विक्रय को प्रतिबंधित करने के आदेश उपस्थित अधिकारियों को दिए हैं।

**एक नजर में**

### हरिहर ने 10वीं बार किया रक्तदान



**डिंडौरी नवभारत 17 सितंबर।** जिले के सक्रिय समाजसेवी हरिहर पाराशर ने मानव सेवा की मिसाल पेश करते हुए 10वीं बार रक्तदान किया। नियमित रक्तदान को जीवनदायी बताते हुए उन्होंने युवाओं से भी आगे आकर इस पुनीत कार्य में जुड़ने की अपील की। रक्तदान के बाद श्री पाराशर ने कहा कि रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है, यह सबसे बड़ा मानवीय धर्म है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी समय-समय पर रक्तदान करना लाभकारी है। उनके इस कार्य की स्थानीय समाजसेवियों और युवाओं ने सराहना की तथा उन्हें प्रेरणास्त्रोत बताया।

### स्वच्छता की अलख जगा रहे रोहित

**डिंडौरी नवभारत 17 सितंबर।** जीवनदायिनी मां नर्मदा के तटों को स्वच्छ और निर्मल बनाए रखने के लिए शहर के युवा समाजसेवी रोहित ने सराहनीय पहल की है। वे प्रतिदिन अथवा अवकाश के दिन घाटों पर पहुंचकर स्वयं कचरा व गंदगी हटाते हैं और लोगों को स्वच्छता का संदेश देते हैं। रोहित का मानना है कि नर्मदा केवल जल का स्रोत नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, आस्था और जीवन की धारा है। इसका संरक्षण हर नागरिक का कर्तव्य है। इसी सोच के साथ उन्होंने अकेले ही यह अभियान शुरू किया। धीरे-धीरे उनके इस प्रयास से कई युवा भी जुड़ते जा रहे हैं और घाटों पर नियमित सफाई अभियान चलाया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने रोहित की इस पहल को सराहा है। लोगों का कहना है कि प्रशासन के साथ-साथ यदि समाज भी आगे आए तो नर्मदा सदैव निर्मल और पवित्र बनी रहेगी।



### जंगली हाथियों ने धान की फसल की बर्बाद



**चिल्हारी नवभारत 17 सितंबर।** जिले के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के परिक्षेत्र धमोखर बफर अंतर्गत ग्राम रोहनिया में जंगली हाथियों ने किसान मनोज प्रजापति के खेत में लगी धान की फसल को पैरो तले रौंद दिया जिससे फसल बर्बाद हो गई। बताया जाता है कि मामले कि सूचना देने के बाद भी वन विभाग का अमला मौके पर नही पहुंचा। फसल खराब हो जाने पर किसान ने शासन से उचित मुआवजे की मांग की है। किसान ने बताया कि खेती किसानी से ही उनके परिवार का भरण पोषण होता है। ऐसे में फसल को हाथियों द्वारा खराब कर देने से उसके परिवार के गुजर बसर और भरण पोषण में दिक्कत आ सकती है। परिक्षेत्र अधिकारी धमोखर बफर ने बताया कि मामले की जांच के लिए अमले को भेजा गया है। बता दें कि यह क्षेत्र परिक्षेत्र धमोखर बफर के अंतर्गत आता है और मगधी कोर परिक्षेत्र से लगा है। बता दें बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के जंगलो में हाथियों ने अपना स्थायी ठिकाना बना लिया है।

# फीस जमा नहीं करने पर परीक्षा हाल से निकाला बाहर

**स्कूल प्रबंधन की मनमानी, शिक्षा के अधिकार को चुनौती**

**चिल्हारी नवभारत 17 सितंबर।** जिले के मानपुर जनपद अंतर्गत ग्राम रक्सा में शिक्षा जगत को शर्मशार करने का मामला सामने आया है, जहां फीस नहीं जमा होने के कारण निजी विद्यालय ने कक्षा पांचवीं में पढ़ रहे भाई-बहन को परीक्षा केंद्र से बाहर निकाल दिया। विद्यार्थियों के पिता विजेंद्र कुमार वर्मा बेटे और बेटी को लेकर जिला मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई में पंहुचे और कलेक्टर को आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है।

जनसुनवाई के दौरान जब एक मजबूर पिता अपने बच्चों की फीस नहीं भर पाए तो स्कूल से बालकों को परीक्षा से वंचित करने पर न्याय कि गुहार लगा रहा था, उसी दौरान सर्व शिक्षा अभियान के परियोजना समन्वयक को मीडिया कर्मियों ने इस मामले की जानकारी देनी चाही, लेकिन उन्होंने मीटिंग होने की व्यस्तता बताकर पल्ला झाड़ लिया। बाद में पता चला कि कोई ऑफिशियल मीटिंग तो बुलाई ही नहीं गई थी।



### प्रदेश सरकार के दावे पर लगा सवालिया निशान

मध्यप्रदेश सरकार का दावा है कि निजी विद्यालयों की मनमानी पर अंकुश लगाया गया है और किसी भी छात्र या छात्रा को फीस नहीं देने के कारण परीक्षा, शिक्षा, अंकसूची या टीसी से वंचित नहीं होना पड़ेगा, लेकिन उमरिया जिले के ग्राम रक्सा स्थित निजी विद्यालय प्रबंधन की करतूत ने छात्रों को परीक्षा हाल से ही निकाल दिया। इससे सरकार के दावों पर सवालिया निशान लग गया है।

**सीईओ ने जांच व कार्यवाही का दिया आश्वासन**

कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष ने भी इस मामले में भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं, हालांकि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने मामले में जांच और कार्यवाही दोनों की बात कही है। जिले में निजी विद्यालयों की मनमानी को रोकने के लिए कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिला स्तर पर मॉनिटरिंग सेल का गठन किया गया था, बावजूद इसके निजी विद्यालयों की मनमानी के कारण सुदूर अंचल के दो छात्र परीक्षा से वंचित हो गए।

# टाइगर रिजर्व में अधिकारियों की लापरवाही की बलि चढ़ा कर्मी



**चिल्हारी नवभारत 17 सितंबर।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की व्यवस्था और अधिकारियों की बेरुखी ने एक बार फिर इंसानी जिंदगी को निगल लिया।

कलवाह बीट अंतर्गत कुम्हरा मैनहवाह कैंप के अंदर टावर पर पदस्थ स्थाई कर्मी रामचरण बैगा का शव संदिग्ध अवस्था में पाया गया। परिजनों का आरोप है कि रामचरण की तबीयत लगातार खराब थी, उन्होंने कई बार छुट्टी की गुहार लगाई, लेकिन विभागीय अफसरों ने सुनना ही मुनासिब नहीं समझा। नतीजा यह हुआ कि बीती रात 3 बजे के करीब उनकी हालत बिगड़ गई और मदद के लिए पुकारते-पुकारते उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक के पुत्र बृजेश कुमार बैगा ने बताया कि पिता को पिछले कई दिनों से तेज बुखार और पेट दर्द की शिकायत थी। उन्होंने छुट्टी की मांग की थी ताकि इलाज करा सकें, लेकिन अधिकारियों ने छुट्टी देने से साफ इनकार कर दिया। आखिरी रात को जब उनको तबीयत अचानक बिगड़ी और उन्होंने आवाज लगाई, तो पास में मौजूद कार्यवाहक वनपाल महोबिया ने भी उनकी पुकार को अनसुना कर दिया और इसके बाद उसकी मौत हो गई।



# शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का किया गया निराकरण

**डिंडौरी नवभारत 17 सितंबर।** कलेक्टर नेहा मारव्या के निर्देशन एवं एसडीएम बजाग रामबाबू देवांगन के मार्गदर्शन में नक्सल प्रभावित वनग्राम खारीडीह में जनकल्याण शिविर एवं कृषक भाईचारा अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार की उपस्थिति में आयोजित शिविर में ग्रामीणों की स्थानीय समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया एवं स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया, जहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। बजाग एसडीएम रामबाबू देवांगन कि पहल कृषक भाईचारा अभियान के तहत ग्रामींणो को कृषि से संबंधित विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा किसानों को नवीन तकनीक एवं शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई।

पौध रोपण | सेवा पर्व उत्सव के अंतर्गत किया पौधा रोपण

# छात्राओं को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**डिंडोरी नवभारत 17 सितंबर।** मध्य प्रदेश शासन वन विभाग, सामान्य वन मंडल डिंडोरी द्वारा जोगी टिकरिया नर्सरी में सेवा पर्व उत्सव के अंतर्गत पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रूदेश परस्ते, पूर्व भाजपा अध्यक्ष अवध राज बिलैया, भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम, पूर्व विधायक दुलीचंद्र उरैती, मंडल अध्यक्ष आशीष वैश्य, जनपद अध्यक्ष आशा धुर्वे, कलेक्टर नेहा मेराव्या, पुलिस अधीक्षक वाहिनी सिंह, वन मंडल अधिकारी पुनीत सोनकर (सामान्य), भारती ठाकरे (उत्पादन) तथा उपवन मंडल अधिकारी सुरेंद्र सिंह जाटव सहित समस्त वन अमला एवं स्कूली छात्राएं उपस्थित रहीं।

### वृक्षों के महत्व से कराया अवगत

अतिथियों ने पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और छात्राओं को वृक्षों के महत्व से अवगत कराया। वन विभाग ने बताया कि इस तरह के आयोजन हरित क्षेत्र बढ़ाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण बनाने में सहायक होंगे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से शुरू हुआ यह सेवा पर्व पखवाड़ा 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य आम जनमानस में वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।